Bihar Board Class 7 Social Science Civics Notes Chapter 3 शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार की भूमिका

पाठ का सार संक्षेप

दुगी हुई सरकार से लोगों की यह अपेक्षा होती है कि वह जनता की लोकतांत्रिक अधिकार जैसे सड़क, बिजली; कानून व्यवस्था, आपदा के समय लोगों को राहत दिलवाने का कार्य करें। इस अध्याय में हमलोग यही जानेंगे की सरकार के कामों से शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी कार्य कैसे जुड़ी हुई है।

हमारे जीवन के विकास के लिए शिक्षा. बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। शिक्षा के द्वारा हमें दुनिया को समझने का मौका मिलता है, शिक्षा से हमें आत्मविश्वास मिलता है और हम खुद को और दुनिया को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। एक शिक्षित व्यक्ति अपनी रूचि से काम कर पाने में सक्षम होता है।

समाज की किसी समस्या पर लोग मिल-जुलकर बातचीत करते और उस समस्या पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, फिर उस समस्या का समाधान निकालते हैं। शिक्षित व्यक्ति अदालत में अपना बचाव करने का कार्य, बैंक से ऋण लेना, वैज्ञानिक ढंग से संग करना और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने का कार्य आसानी से कर सकता है। एक शिक्षित व्यक्ति आधुनिक सामाजिक कार्यों में भागीदारी करने में तथा राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने में खुद को सक्षम महसूस करते हैं।

https://www.evidyarthi.in/